भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

**लोक सभा**

लिखित प्रश्न सं. †2178

सोमवार, 5 अगस्त, 2024/14 श्रावण, 1946 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

**पर्यटन अवसंरचना का विकास**

**†2178. श्री कोटा श्रीनिवास पूजारीः**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के अंतर्गत कर्नाटक राज्य, विशेषकर दक्षिण कन्नड़, उडुपी और उत्तर कन्नड़ जिलों के लिए आवंटित धनराशि का ब्यौरा क्या है;

(ख) पिछले पांच वर्षों के दौरान कर्नाटक में तटीय सर्किट, विरासत सर्किट, आध्यात्मिक सर्किट, तीर्थंकर सर्किट और वन्यजीव सर्किट के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं और राशि का ब्यौरा क्या है;

(ग) वित्त वर्ष 2014-15 से लेकर आज तक प्रशाद योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं की संख्या स्वीकृत राशि सहित कितनी है; और

(घ) पर्यटन अवसंरचना में सुधार के लिए सतत और जिम्मेदार कैंद्रित दृष्टिकोण को बढ़ावा देने के लिए उक्त राज्य में शुरू की गई परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री** **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (घ): पर्यटन मंत्रालय, 'तीर्थस्थान जीर्णोद्धार और आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान' (प्रशाद) और 'स्वदेश दर्शन' (एसडी) नामक अपनी केंद्रीय क्षेत्र की योजनाओं के माध्यम से राज्य सरकारों और संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को वित्तीय सहायता प्रदान करके पर्यटन अवसंरचना के विकास में सहायता करता है।

स्वदेश दर्शन 2.0 की "चुनौती आधारित गंतव्य विकास" नामक एक उप-योजना के तहत कर्नाटक में विकास के लिए उडुपी और बीदर गंतव्यों की पहचान की गई है। एसडी 2.0 के तहत, हम्पी में "ट्रैवलर नूक्स की स्थापना" और मैसूरू में "टोंगा राइड हेरिटेज एक्सपीरियंस जोन", "इकोलॉजिकल एक्सपीरियंस जोन", नामक तीन परियोजनाओं को 48.78 करोड़ रुपये की संयुक्त लागत से मंजूरी दी गई है। प्रशाद योजना के तहत 1,621.14 करोड़ रुपये की कुल लागत से कुल 46 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। प्रशाद योजना के अंतर्गत अब तक स्वीकृत परियोजनाओं की सूची **अनुबंध** में दी गई है।

*******

**अनुबंध**

श्री कोटा श्रीनिवास पूजारी द्वारा पर्यटन अवसंरचना का विकास के सम्बन्ध में दिनांक 05.08.2023 के लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. †2178 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में **विवरण**

**प्रशाद योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:**

| राज्य/संघ राज्यक्षेत्र | क्र. सं. | परियोजना का नाम | स्वीकृति वर्ष | अनुमोदित लागत (राशि करोड़ रु में) |
|---|---|---|---|---|
| आंध्र प्रदेश | 1 | अमरावती में तीर्थ सुविधाओं का विकास | 2015-16 | 27.77 |
| | 2 | श्रीशैलम मंदिर का विकास | 2017-18 | 43.08 |
| | 3 | सिंहाचलम में श्री वराह लक्ष्मी नरसिम्हा स्वामी वरी देवस्थानम में तीर्थ सुविधाओं का विकास | 2022-23 | 54.04 |
| अरुणाचल प्रदेश | 4 | परशुराम कुंड का विकास | 2020-21 | 37.88 |
| असम | 5 | कामाख्या मंदिर में तीर्थ सुविधाओं का विकास | 2015-16 | 29.80 |
| बिहार | 6 | पटना साहिब में विकास कार्य | 2015-16 | 41.54 |
| | 7 | विष्णुपद मंदिर में मूलभूत सुविधाओं का विकास | 2014-15 | 3.63 |
| छत्तीसगढ़ | 8 | मां बमलेश्वरी देवी मंदिर में तीर्थ सुविधाओं का विकास | 2020-21 | 48 .44 |
| गुजरात | 9 | द्वारका का विकास | 2016-17 | 13.08 |
| | 10 | सोमनाथ में तीर्थ सुविधाओं का विकास | 2016-17 | 45.36 |
| | 11 | सोमनाथ में प्रोमेनेड का विकास | 2018-19 | 47.12 |
| | 12 | सोमनाथ, गुजरात में क्यू मैनेजमेंट कॉम्प्लेक्स के साथ तीर्थ प्लाज़ा का विकास | 2021-22 | 49.97 |
| | 13 | अंबाजी मंदिर में तीर्थ संबंधी सुविधाओं का विकास | 2022-23 | 50.00 |
| हरियाणा | 14 | माता मनसा देवी मंदिर और नाडा | 2019-20 | 48.53 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | साहेब गुरुद्वारे का विकास | | |
| जम्मू और कश्मीर | 15 | हजरतबल दरगाह में विकास | 2016-17 | 40.46 |
| झारखंड | 16 | बाबा बैद्यनाथधाम का विकास | 2018-19 | 36.79 |
| कर्नाटक | 17 | श्री चामुंडेश्वरी देवी मंदिर में तीर्थ सुविधाओं का विकास | 2023-24 | 45.71 |
| केरल | 18 | गुरुवायूर मंदिर में विकास | 2016-17 | 45.19 |
| मध्य प्रदेश | 19 | अमरकंटक का विकास | 2020-21 | 49.99 |
| | 20 | ओंकारेश्वर का विकास | 2017-18 | 43.93 |
| महाराष्ट्र | 21 | त्र्यंबकेश्वर का विकास | 2017-18 | 42.18 |
| मेघालय | 22 | नोंगस्वालिया चर्च, नर्तियांग शक्ति पीठ, ऐतनार पूल और चरणतला काली मंदिर में तीर्थयात्रा सुविधा का विकास | 2020-21 | 29.29 |
| मिजोरम | 23 | चितेवांग, ज़ुआंगताई, रीक और आइजोल में तीर्थयात्रा और विरासत पर्यटन के लिए अवसंरचना का विकास | 2022-23 | 44.89 |
| नागालैंड | 24 | मोलुंगकिमोंग, नोकसेन चर्च, ऐजुतो, वोखा और कोहिमा में तीर्थयात्रा अवसंरचना का विकास | 2018-19 | 25.20 |
| | 25 | जुन्हेबोटो में तीर्थयात्रा पर्यटन अवसंरचना का विकास | 2022-23 | 18.18 |
| ओडिशा | 26 | पुरी में अवसंरचना विकास | 2014-15 | 50.00 |
| पंजाब | 27 | अमृतसर में करुणा सागर वाल्मीकि स्थल का विकास | 2015-16 | 6.40 |
| | 28 | चमकौर साहिब का विकास | 2021-22 | 31.57 |
| राजस्थान | 29 | पुष्कर/अजमेर का एकीकृत विकास | 2015-16 | 32.64 |
| सिक्किम | 30 | युकसोम में फोर पैट्रन सेंटस में तीर्थ सुविधा का विकास | 2020-21 | 33.32 |
| तमिलनाडु | 31 | कांचीपुरम का विकास | 2016-17 | 13.99 |
| | 32 | वेलंकन्नी का विकास | 2016-17 | 4.86 |
| तेलंगाना | 33 | जोगुलम्बा देवी मंदिर का विकास | 2020-21 | 38.90 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | 34 | रुद्रेश्वर (रामप्पा) मंदिर में तीर्थयात्रा और विरासत पर्यटन संबंधी अवसंरचना का विकास | 2022-23 | 62.00 |
| | 35 | भद्राचलम में तीर्थ अवसंरचना का विकास | 2022-23 | 41.38 |
| त्रिपुरा | 36 | त्रिपुरा सुंदरी मंदिर का विकास | 2020-21 | 37.80 |
| उत्तर प्रदेश | 37 | वाराणसी का विकास - चरण -I | 2015-16 | 18.73 |
| | 38 | मथुरा-वृंदावन का मेगा पर्यटक परिपथ के रूप में विकास (चरण -II) | 2014-15 | 10.98 |
| | 39 | वाराणसी में नदी क्रूज पर्यटन का विकास | 2017-18 | 9.02 |
| | 40 | वृंदावन में पर्यटक सुविधा केंद्र का निर्माण | 2014-15 | 9.36 |
| | 41 | वाराणसी का विकास - चरण -II | 2017-18 | 44.60 |
| | 42 | गोवर्धन में अवसंरचना संबंधी सुविधाओं का विकास | 2018-19 | 37.59 |
| उत्तराखंड | 43 | केदारनाथ का एकीकृत विकास | 2015-16 | 34.77 |
| | 44 | बदरीनाथ जी धाम में तीर्थ सुविधा के लिए अवसंरचना का विकास | 2018-19 | 56.15 |
| | 45 | गंगोत्री और यमुनोत्री धाम में तीर्थ संबंधी अवसंरचना का विकास | 2021-22 | 54.36 |
| पश्चिम बंगाल | 46 | बेलूर मठ का विकास | 2016-17 | 30.03 |
| | | **कुल** | | **1621.14** |

********